Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to resume train services from Indore to Sarai Rohilla.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे इंदौर और दिल्ली के बीच रेल सेवा बहाल किए जाने हेतु लोक महत्व के विषय को उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मध्य प्रदेश के इंदौर से सराय रोहिल्ला, दिल्ली तक एक रेल सेवा प्रारंभ की गई थी। यह ट्रेन मंदसौर चित्तौड़ होते हुए आती थी। इससे मध्य प्रदेश और राजस्थान को सीधा लाभ मिल रहा था, किंतु दिनांक 2 जुलाई से इसका परिचालन बंद कर दिया गया है। ...(व्यवधान)

मेरा आपसे आग्रह है कि इस अति महत्वपूर्ण ट्रेन का परिचालन फिर से प्रारंभ किया जाए ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। मैं इसके साथ ही आग्रह करना चाहता हूं कि आमान परिवर्तन के दौरान इंदौर, रतलाम, चित्तौड़ रेल खंड पर उतनी यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है जितना मीटर गेज के समय होता था।...(व्यवधान)

मेरा आग्रह है कि यात्री आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए समुचित यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाना चाहिए ताकि जन सुविधाओं एवं अपेक्षाओं को पूर्ण किया जा सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: *m02 श्री भैरों प्रसाद मिश्र और *m03 डॉ. वीरेन्द्र कुमार को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Please go back to your seats. This is not proper.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप लोगों ने मिनिस्टर से एक्सपेलेनेशन मांगा था, वह दिया गया है। उसके बाद इस प्रकार तानाशाही का रवैया आप भी मत अपनाइए।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He has given his explanation on the matter. Please go back to your seats now.

… (*Interruptions*)